

# 82 पेटी अवैध शराब व पिकअप वाहन जब्त

▸ नशे के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 18 जुलाई. रायसेन पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिलवानी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 82 पेटी अवैध देशी एवं अंग्रेजी शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस के अनुसार, रात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि बम्होरी की ओर से गैरतगंज की तरफ एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक एमपी09 जीजे 0664 में दो व्यक्ति अवैध शराब का परिवहन कर रहे हैं. सूचना मिलते ही थाना सिलवानी के सामने तिराहे पर वाहन चेकिंग शुरू की गई. इसी दौरान बजरंग चौराहा की ओर से आ रहे संदिग्ध पिकअप वाहन को घेराबंदी कर रोक लिया गया. वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 82 पेटियों में भरी देशी एवं अंग्रेजी शराब बरामद हुई. पुलिस ने कुल 735 लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 17 हजार रुपये है, तथा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन, जिसकी कीमत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है, जब्त कर लिया.



गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनू यादव (33 वर्ष) पिता राजू यादव तथा संजू कलावत (28 वर्ष) पिता सुरेश कलावत, दोनों निवासी ग्राम समनापुर कला थाना गैरतगंज, जिला रायसेन के रूप में हुई है. दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक नायक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सिलवानी कुंवर सिंह मुकाती के नेतृत्व में की गई. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजीत परते, उपनिरीक्षक अभिषेक खरे, सहायक उपनिरीक्षक हरिऔम चौबे एवं भोजपाल शर्मा, प्रधान आरक्षक विनोद रघुवंशी और शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक विक्रम सिंह, अमित भार्गव, रजनीकांत कुर्मी, विनय कुमार, अंकित खटीक तथा सैनिक अजय राजपूत और लखन ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही.

# 8 श्रद्धालुओं का जत्था केदारनाथ रवाना

▸ कन्याओं का पूजन कराया भोजन, भंडारे का आयोजन

**देवरी (रायसेन), 18 जुलाई. नगर के शनि मंदिर परिसर में, शनिवार को लोहापीटा समाज द्वारा धार्मिक आस्था और सेवा भाव के साथ कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की शुरुआत शनिदेव भगवान के विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया.

इसी अवसर पर लोहा पीटा समाज के 8 श्रद्धालुओं का बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया. श्रद्धालुओं की विदाई के दौरान शनि मंदिर से जीएस पेट्रोल पंप तक डीजे की धुनों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए. पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का स्वागत कर उनके सुरक्षित एवं सफल यात्रा की कामना की गई. समाजजनों ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कन्या भोज, भंडारा एवं केदारनाथ यात्रा का आयोजन पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया. कार्यक्रम ने सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और सेवा भाव का संदेश दिया.



### शनि मंदिर पर नहीं है लाइट की व्यवस्था

नगर का प्रसिद्ध शनि मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है. मंदिर के पट रात्रि 10 बजे तक खुले रहते हैं. श्रद्धालुओं को अंधेरे में इस रास्ते आना पड़ता है. मंदिर के पुजारी रामनाथ जोशी ने बताया कि इस रोड पर सांप, बिच्छू जहरीले जानवर पड़े रहते हैं. कई बार नगर परिषद से कह चुके हैं कि इस रोड पर लाइट की व्यवस्था कराई जाए, परंतु आज तक ध्यान नहीं दिया.

## एक नजर में



### अभाविप सिलवानी ने एनएसयूआई का फूंका पुतला

**सिलवानी, 18 जुलाई.** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद सिलवानी द्वारा बजरंग चौराहे पर एनएसयूआई का पुतला फूंका भोपाल में एनएसयूआई के एक पदाधिकारी पर उनकी ही संगठन की जनजातीय छात्रा द्वारा दुष्कर्म के गंभीर आरोप लगाए गए हैं. यह प्रकरण अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है. यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं, तो यह केवल एक व्यक्ति का अपराध नहीं, बल्कि महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति संगठन की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़ा करता है. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाग संयोजक जय यादव ने कहा कि इस प्रकरण की निष्पक्ष, त्वरित एवं समयबद्ध जांच कर दोषी पाए जाने पर उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. किसी भी छात्रा के सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता. विद्यार्थी परिषद छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय के पक्ष में सदैव दृढ़ता से खड़ी है. विरोध प्रदर्शन में समस्त परिषद कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे.



### एएसपी ने नशा नहीं करने की शपथ दिलाई

**सलामतपुर, 18 जुलाई.** जिले में चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत दीवानगंज के एक निजी स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में रायसेन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दीपक नायक ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी तथा सभी से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की. नशे से दूर रहने की सामूहिक दिलाई शपथ. एएसपी नायक ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है. युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए पुलिस लगातार जनजागरूकता अभियान चला रही है. उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने और शिक्षा व अच्छे संस्कारों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्याम राज सिंह, दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, पुलिस स्टाफ, स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान जिलेभर में 30 जुलाई तक चलाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

# अवैध शराब बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

▸ आदिवासी महिलाओं ने जताया थाना प्रभारी का आभार

**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर, 18 जुलाई. पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है.**

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर राजीवनगर, इंद्रानगर और शुक्ला कॉलोनी जैसे संवेदनशील इलाकों में छापेमारी की. इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में दो महिलाओं संध्या यादव और पूनम आदिवासी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 125 देसी शराब के क्वार्टर बरामद किए हैं. पुलिस ने दोनों महिला आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है.



पुलिस की इस कार्रवाई के बाद राजीवनगर, इंद्रानगर और शुक्ला कॉलोनी से बड़ी संख्या में आदिवासी महिलाएं एकजुट होकर सलामतपुर थाने पहुंचीं. महिलाओं ने थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया. महिलाओं का कहना था कि अवैध शराब की बिक्री से उनके घरों का माहौल खराब हो रहा था, जिस पर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है. थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी ने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.'



# बीआरसी ने किया खेरुआटोला स्कूल का औचक निरीक्षण

▸ समय पर संचालित मिली पाठशाला, परिसर में किया पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**
**सलामतपुर, 18 जुलाई. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से दिए गए कड़े दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शिक्षा विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है.**

शालाओं की सतत मॉनिटरिंग प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार को ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर (बी.आर.सी.) अयोध्या प्रसाद शर्मा एवं ब्लॉक एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर (बी.ए.सी.) कमलेश रजक द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला खेरुआटोला का औचक निरीक्षण किया गया.निरीक्षण टीम सुबह निर्धारित समय पर विद्यालय परिसर पहुंची. राहत की बात यह रही कि विद्यालय अपने निर्धारित समयानुसार पूरी तरह संचालित पाया गया. बच्चे अपनी कक्षाओं में उपस्थित थे और पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा था. बी.आर.सी. अयोध्या प्रसाद शर्मा ने स्वयं कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया और उनकी शिक्षण व्यवस्था तथा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली. इसके साथ ही उन्होंने बच्चों की उपस्थिति पंजी, मिड-डे मील मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और स्कूल के अन्य अभिलेखों का भी गहनता से अवलोकन किया. निरीक्षण के उपरांत बी.आर.सी. ने शाला संचालन को और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुखी बनाने के संबंध में स्कूल के प्रभारी मुकेश अग्रवाल एवं सहायक शिक्षक मुकेश मालवीय के साथ एक संक्षिप्त समीक्षा बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने दोनों शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छात्र तक पहुंचे.

# साहू समाज की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

▸ आज भी पलकमति स्थित समिति के कार्यालय में होगी बैठक

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 18 जुलाई. नगर साहू समाज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पलकमति स्थित मां कर्मा पलकमति सामाजिक उत्थान समिति के कार्यालय में आयोजित होगी. बैठक की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर शनिवार को समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों की बैठक संपन्न हुई.**

बैठक में मां कर्मा पलकमति सामाजिक उत्थान समिति तथा नगर साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में पलकमति स्थित मां कर्मा देवी गार्डन के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. साथ ही समाज के विकास एवं आगामी सामाजिक गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श हुआ. इस अवसर पर भोलेनाथ साहू, रामगोपाल साहू, हरि साहू, अरविंद साहू, धर्मेश साहू, राजू साहू, राधेलाल साहू, संजय साहू सहित समाज के अनेक वरिष्ठ एवं युवा सदस्य उपस्थित रहे. बैठक में अधिक से अधिक समाजजनों से रविवार की बैठक में शामिल होकर अपने सुझाव देने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई.



# समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**उदयपुरा 18 जुलाई.** रघुवंशी भवन में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई. बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की. बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अगस्त को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. इसमें जिले के रघुवंशी समाज के उन मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं. समाज के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को समारोह में शामिल कराने का आग्रह किया है.

# राजेन्द्र सिंह फौजी क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष बने

**बेगमगंज, 18 जुलाई. अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा पूर्व सैनिक राजेन्द्र सिंह फौजी को क्षत्रिय महासभा का ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया है.**



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की वार्षिक बैठक सुल्तानगंज में वर्तमान अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह बेरखेड़ी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में विशेष रूप से महासभा के पूर्व अध्यक्ष जोकि अब संरक्षक के पद पर है उनमें नत्थूसिंह खामखेड़ा, राजेन्द्र सिंह बुंदेला, धर्म सिंह, रतन सिंह , ऊदल सिंह, बलराम सिंह, शिवराज सिंह सहित करीब डेढ़ सौ प्रतिनिधि उपस्थित रहे. बैठक में वार्षिक लेखाजोखा प्रस्तुत किए जाने के साथ वर्ष 2026-27 ( एक वर्ष ) के लिए नवीन अध्यक्ष का चयन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से फौजी को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया.

# सिलवानी नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

▸ नगर के होली चौक से हटाया कचरा

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 18 जुलाई. नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राकेश मिश्रा ने नगर के वार्ड क्रमांक 09 का निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान होली चौक पर कचरे का ढेर पाए जाने पर सीएमओ मिश्रा ने तत्काल सफाई कर्मचारियों को निर्देशित कर मौके पर सफाई कराई. उन्होंने कहा कि स्वच्छ नगर का निर्माण केवल नगर परिषद के प्रयासों से नहीं, बल्कि नागरिकों के सहयोग से ही संभव है.



सीएमओ राकेश मिश्रा ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फेंकें, गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा नगर परिषद के स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं. उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल नगर की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है. नगर परिषद ने सभी नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने एवं अपने आसपास साफ-सफाई रखने का आग्रह किया है, ताकि सिलवानी को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ नगर बनाया जा सके

**समारोह** ▸ सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों का किया सम्मान

# पूर्व एसडीएम को दी विदाई, नवागत का स्वागत

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 18 जुलाई. पूर्व एसडीएम सौरभ मिश्रा को शनिवार को सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने विदाई दी तथा नवागत एसडीएम प्रियंका भलावी का स्वागत किया.**

बता दें, पूर्व एसडीएम मिश्रा का जबलपुर स्थानांतरण हो चुका है. शनिवार को आयोजित विदाई और स्वागत समारोह एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उइके, बेगमगंज तहसीलदार प्रमोद उइके, सुल्तानगंज तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला की मौजूदगी में राजस्व विभाग कर्मचारियों एवं निर्वाचन शाखा कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया था. समारोह में सभी विभागों के प्रमुखों सहित राजस्व विभाग, निर्वाचन शाखा, सेमरी परियोजना, जेल विभाग, शिक्षा विभाग, कोटवार संघ, महाविद्यालीन कर्मचारियों, पत्रकारों , अधिवक्ताओं की भागीदारी रही. उन्होंने पूर्व एसडीएम सौरभ मिश्रा एवं नवागत एसडीएम प्रियंका भलावी का शाल श्रीफल, पुष्प मालाओं , पुष्प गुच्छों से भव्य स्वागत के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किए.




कार्यक्रम में अंकुर दुबे पटवारी, आलोक दुबे एडवोकेट, दीपक कटारे, सुल्तानगंज तहसीलदार देवेंद्र शुक्ला, एडवोकेट संतोष बुंदेला, सईद नादां, अशोक शर्मा ने अपने संबोधन में पूर्व एसडीएम मिश्रा के कार्यकाल की सराहना करते हुए नवागत एसडीएम प्रियंका भलावी से उनके अनुसार कार्य करने और समन्वय बनाए रखने की अपेक्षा की. कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सोनी शून्य ने किया.

पूर्व एसडीएम मिश्रा ने राजस्व विभाग सहित सभी विभागों के सहयोगियों की कार्यशैली , जीवटता की प्रशंसा करते हुए शासकीय योजनाओं , हितग्राहियों के कार्यों में सहयोग देते हुए समयसीमा में निराकृत किए जाने पर आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही हमें सकारात्मक परिणाम मिले और तहसील निर्वाचन, एसआईआर, जनगणना एवं राजस्व प्रकरणों में जिले में सदैव प्रथम स्थान हासिल किया.

इसके अतिरिक्त शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग , कृषि विभाग , खाद्य विभाग , वेटनरी , स्वास्थ्य , जेल , कृषि मंडी , पुलिस , जनपद सहित सभी विभागों से तालमेल होने पर सकारात्मक परिणाम मिले. उन्होंने बताया कि पहली पोस्टिंग जेल विभाग में फार्मासिस्ट के पद पर हुई थी लेकिन वह अपनी पत्नी की प्रेरणा एवं सहयोग से एमपीपीएससी करके डिप्टी कलेक्टर बने और आज इस मुकाम पर हैं. उन्होंने अधिकारियों ,कर्मचारियों के साथ मीडिया का भी आभार व्यक्त किया.

# शास .महाविद्यालय में विज्ञान कक्षायें शुरू करने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**उदयपुरा, 18 जुलाई.** शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में विज्ञान विषय की कक्षाओं का व्यापक रूप से अभाव होने से इस क्षेत्र के ऐसे विद्यार्थी, जो विज्ञान और गणित विषयों से बारहवीं पास करके स्नातकीय कक्षाओं में विज्ञान और गणित विषयों की कक्षाओं में प्रवेश लेकर अध्ययन करना चाहते हैं, उन्हें बरेली के शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश लेने को विवश होना पड़ता है या फिर उदयपुरा के प्राईवेट कालेजों में महंगी फीस देकर प्रवेश लेना पड़ता है.

गरीब विद्यार्थी तो न तो महंगी फीस देकर पढ़ सकते हैं और न ही बरेली जाकर सरकारी कॉलेज में एडमिशन लेकर पढ़ पाते हैं. इसी तरह छात्राओं को भी बरेली जाकर सरकारी कालेज में एडमिशन. लेकर पढ़ाई करना सुविधाजनक नहीं हो पाता है.

लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और क्षेत्रीय विधायक और स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल से मांग है कि वे इसी शिक्षा सत्र से सरकारी कॉलेज में बीएससी बायोलॉजी और बीएससी मैथ की कक्षाएं और प्रयोगशालायें शुरू की जाए.